# अध्याय–2

# वन आनुवंशिकी एवं वृक्ष प्रजनन संस्थान कोयम्बटूर

## वन आनुवंशिकी एवं वृक्ष प्रजनन संस्थान – एक सरसरी दृष्टि में

वन आनुवंशिकी एवं वृक्ष प्रजनन संस्थान एक राष्ट्रीय संस्थान है, जिसे भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद्, जो पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, भारत सरकार की एक स्वायत्त परिषद् है, के अधीन अप्रैल, 1988 में स्थापित किया गया।

इस सच्चाई को महसूस करते हुए कि निर्धनीकृत वन और भूमि संसाधनों से उत्पादकता बढ़ाने और साथ ही पोषणीय भविष्य के लिए पर्यावरण की सुरक्षा करते हुए ग्रामीण विकास करने के लिए वन आनुवंशिकी, वृक्ष प्रजनन और प्रवर्धन प्रौद्योगिकियां उपलब्ध विधियों के व्यापक स्पेक्ट्रम में से एक है; इस संस्थान को उपयुक्त प्रजनन एवं प्रवर्धन तकनीकों द्वारा विद्यमान आनुवंशिकी संसाधनों को गतिमान और उन्नत करके अन्तिम उपयोग आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए प्रयोगोन्मुखी प्रौद्योगिकी का विकास करने के लिए अनुसंधान करने का उत्तरदायित्व सौंपा गया है। यह संस्थान महत्वपूर्ण वन प्रजातियों के आनुवंशिक एवं वृक्ष प्रजनन के विषयों पर राष्ट्रीय स्तर पर अनुसंधान करता है। इसके अलावा, यह संस्थान तमिलनाडु, केरल राज्यों, अण्डमान एवं निकोबार द्वीप समूहों, लक्ष्यद्वीप और पाण्डिचेरी संघ क्षेत्रों की स्थानीय समस्याओं का समाधान भी करता है।

## वर्ष 2001–2002 के दौरान पूरी की गई परियोजनाएं

**परियोजना 1 : उपज में सुधार करने के लिए तेज वृद्धि करने वाली वृक्ष प्रजातियों में वृद्धि और प्रकाश संश्लेषण जैसी शारीरिक विभिन्नताओं का मूल्यांकन करना (आई एफ जी टी बी/पी बी टी/आर पी 4/37/आई सी एफ आर ई/1992–2000)।** तकनीकी रिपोर्ट के लिए सम्पर्क करें, प्रधान अन्वेषक – डॉ. के गुरूमूर्ति।

**उपलब्धियां :** बहु विशेषक तालिका चयन विधि का उपयोग करके कैज्वारिना इक्विसिटिफोलिया के 106 उत्कृष्ट क्लोनों और यूकेलिप्टस टेरेटिकॉर्निस तथा यूकेलिप्टस कमल्डूलिनसिस के 33 क्लोनों का चयन किया गया। इन पदार्थों की श्रेष्ठता एवं आनुवंशिकी भिन्नता की जांच की गई। क्लोनों के लक्षण वर्णन एवं अन्तःक्लोनीय विभिन्नता का निर्धारण करने के लिए शारीरिक एवं आकारिकीय अध्ययन किए गए। कैज्वारिना के चयनित क्लोनों के लिए आकारिकीय निरूपक विकसित किए गए। यूकेलिप्टस में दबावग्रस्त अवस्थाओं के अन्तर्गत प्रकाश संश्लेषण में



किसानों के खेतों में सागौन का क्लोनीय परीक्षण

विभिन्नताओं का अध्ययन किया गया। अध्ययनों से पता चला कि लवण सहनशील क्लोनों की त्वरित जांच के लिए शारीरिकीय मापदण्ड के रूप में प्रकाश संश्लेषण को प्रभावी ढंग से उपयोग किया जा सकता है। जल उपयोग क्षमता पर भी अध्ययन किए गए और लुग्दी तथा ठोस काष्ठ उत्पादों के लिए क्लोनों का लक्षण वर्णन किया गया। कागज निर्माण के लिए 5 क्लोन आशाजनक पाए गए। तिरूचिरापल्ली, तमिलनाडु में लवणता सहनशीलता के लिए कैज्वारिना इक्विसिटिफोलिया के निन्यानवे क्लोनों की जांच की गई ओर लवणता के प्रति सहनशील क्लोनों की पहचान की गई। कैज्वारिना फ्रेंकिया संगतता का भी अध्ययन किया गया।

**परियोजना 2 : कठोरीकरण, वीनिंग और बहिःरोपण के लिए प्रक्रिया सहित चयनित वृक्ष प्रजातियों पर सूक्ष्म प्रवर्धन एवं ऊतक संवर्धन अध्ययन· (आई एफ जी टी बी / पी बी टी / आर पी 5 / 37 / आई सी एफ आर ई / 1992–2001)**। तकनीकी रिपोर्ट के लिए सम्पर्क करें, प्रधान अन्वेषक – डॉ. के. गुरूमूर्ति।

**उपलब्धियां** : डेन्ड्रोकैलेमस स्ट्रिक्टस, बम्बूसा, अरून्डिनेसीया, बम्बूसा अरून्डिनेसीया किस्म जाइगेन्टीयस, डी. मेम्ब्रेनेसीयस, बी. न्यूटन्स और ऑक्सीटीनेन्थीरा स्टॉक्सीआई के बहुमात्र प्रवर्धन के लिए लागत प्रभावी सूक्ष्म प्रवर्धन प्रोटोकॉलों का विकास किया गया। ओज और वृद्धि व्यवहार जैसे पौध लक्षणों पर आधारित बांसों के अच्छे गुणवत्ता बीजों के चयन के लिए रणनीति विकसित की गई। बम्बूसा अरून्डिनेसीया के समलक्षणीय रूप से उत्कृष्ट गुल्मों से गुणवत्ता बीज प्राप्त करके बड़ें पैमाने पर गुणन के लिए कर्त्तोतक साधन के रूप में इनका उपयोग किया गया। डी. स्ट्रिक्टस और बम्बूसा अरून्डिनेसीया के सूक्ष्म प्रवर्धित पादपों के लिए क्षेत्र प्रदर्शन परीक्षण स्थापित किए गए। गुणवत्ता रोपण स्टॉक बढ़ाने के लिए वृहद प्रचुरोद्भवन तकनीकों का इस्तेमाल किया गया। ऐजेडिरैक्टा इंडिका के परिपक्त ऊतकों के लिए पात्र प्रवर्धन विधियां मानकीकृत की गई। यूकेलिप्टस टैरेटिकॉर्निस ओर यूकेलिप्टस कमल्डूलिनसिस के लगाने में कठिन क्लोनों को पुनर्नवीकृत किया गया और 100 प्रतिशत मूलोत्पत्ति हासिल की गई। वेस्ट कोस्ट पेपर मिल्स, डन्डेली से प्राप्त तेज वृद्धि करने वाले ऐकेशिया संकरों (ए. मेन्जियम X ए. ऑरिकूलिफार्मिस) को कक्षीय कली गुणन द्वारा क्लोनीय प्रवर्धन के लिए संवर्ध में स्थापित किया गया। उष्णकटिबंधीय संकर यूकेलिप्टस यूरोफाइला X यूके. ग्रैन्डिस के सूक्ष्म प्रवर्धन के लिए विधियां विकसित की गई, जिनका विश्वभर में महत्वपूर्ण पुर्नवनीकण कार्यक्रमों में उपयोग किया जा रहा है। सवंर्धन में

यूकेलिप्टस पलिटा के उत्कृष्ट क्लोनों को स्थापित किया गया। यूकेलिप्टस टेरेटिकॉर्निस (एस एम डी–7) के सतरह साल के समलक्षणीय रूप से उत्कृष्ट वृक्ष को सूक्ष्म प्रवर्धित किया गया और पनामपल्ली अनुसंधान स्टेशन में एक प्रदर्शन क्षेत्र परीक्षण स्थापित किया गया।

**परियोजना 3 : टेक्टोना ग्रैन्डिस (सागौन) में अंकुरण विधियों का मानकीकरण और विभिन्न स्रोतों के बीजों के लिए ओज का मूल्यांकन (आई एफ जी टी बी / एस टी / आर पी 20 / 47 / आई सी एफ आर ई)।** तकनीकी रिपोर्ट के लिए सम्पर्क करें, प्रधान अन्वेषक – श्री बी. गुरूदेव सिंह।

**उपलब्धियां** : अंकुरण पर बीज संग्रहण के समय के प्रभाव का अध्ययन किया गया। अंकुरण को प्रभावित करने वाले अन्य कारक मध्यम और हल्के हैं। अंकुरण प्रतिशतता बढ़ाने हेतु अनुकूलतम पूर्वोपचार आवश्यकता की गणना करने के लिए सागौन अष्ठिफलों पर करीब 16 किस्म के विभिन्न पूर्वोपचार किए गए। बीजों को बारी–बारी से भिगोने और सुखाने से काफी अनुकूल परिणाम मिले। पानी के अन्तर्ग्रहण के कारण आयतन में बीज के आकार की वृद्धि हुई और फलों के कठोर आवरण बीजों के अन्तर्ग्रहण दबाव द्वारा टूट गए। बारी–बारी से भिगाने और सुखाने के दौरान फलों में जल गति के मार्ग का अध्ययन किया गया। विभिन्न राज्यों के 30 विभिन्न बीज स्रोतों के लिए अष्ठिफल भौतिक लक्षणों में विभिन्नता का अध्ययन किया गया। आर्द्र क्षेत्र और शुष्क क्षेत्र सागौन स्रोतों से एकत्रित सागौन फलों का अध्ययन किया गया। ताकि बेहतर बीज स्रोतों का पता लगाया जा सके। अंकुरण पर छोटे (12 मिमी से कम), मध्यम (12–14 मिमी) और बड़े (14 मिमी से अधिक) में अष्ठिफलों के श्रेणीकरण के प्रभाव का अध्ययन किया गया और पाया गया कि मध्यम और बड़े अष्ठिफलों ने बेहतर अंकुरण परिणाम दिए। बीज भराव और अंकुरण पर अष्ठिफलों (मध्यभित्ति के साथ और मध्यभित्ति के बिना) के घनत्व के प्रभाव पर अध्ययनों ने दर्शाया कि भारी अष्ठिफलों में बीजों की ज्यादा संख्या होती है ओर बेहतर अंकुरण परिणाम भी देते हैं।

सागौन अष्ठिफलों में बीज प्रसुप्ति और जीवनकाल अध्ययन शुरू किए गए। जैव रासायनिक परिवर्तनों की तुलना की गई।

## वर्ष 2001–2002 के दौरान जारी परियोजनाएं

**परियोजना 1 : उत्पादकता सुधारने हेतु सागौन के लिए क्लोनीय प्रवर्धन प्रौद्योगिकी विकसित करना (आई एफ जी टी बी / जी टी बी / आर पी 4 / 47 / आई सी एफ आर ई 2000–2005)।** प्रधान अन्वेषक – डॉ. के. पलानीसामी।

**स्थिति** : परिपक्व सागौन वृक्ष और गुणवत्ता पौधों के लिए क्लोनीय प्रवर्धन प्रौद्योगिकी मानकीकृत की गई। सागौन में मूलोत्पत्ति पर कोई मौसमीय प्रभाव नहीं था और इसे वर्षभर बहुमात्र गुणित किया जा सकता है। केरल के विभिन्न भागों (निलाम्बुर, कोनी, त्रिचूर और ओलेवेकोडू) में रोपणों में कुल 60 उत्कृष्ट वृक्षों का चयन किया गया और 8 वृक्षों को क्लोनीय रूप से बहुगुणित किया गया। तमिलनाडु और केरल के 3 विभिन्न स्थानों में परिपक्व वृक्षों और गुणवत्ता पौधों से उगाई गई पादपिकाओं के साथ क्लोनीय परीक्षण स्थापित किए गए। परिपक्व वृक्ष के कॉपिस प्ररोह कलमों के वृद्धि प्रदर्शन का अध्ययन करने के लिए परिपक्व वृक्षों (63 साल का वृक्ष) के कॉपिस प्ररोह पादपों, पौधों और पौध कलमों के साथ एक तुलनात्मक परीक्षण तैयार किया गया।

**परियोजना 2 : आर्टोकार्पस प्रजातियों की प्राकृतिक आबादी में आनुवंशिकी परिवर्तनशीलता और चयन (आई एफ जी टी बी / जी टी बी / आरपी 5 / 47 / आई सी एफ आर ई (आई एफ जी टी बी / जी टी बी / आर पी 1 / 11 / 61 (6)) / 2000–2005)।** प्रधान अन्वेषक – डॉ. महेश्वर हेगड़े।

**स्थिति** : केरल और तमिलनाडु में प्रारम्भिक सर्वेक्षण किए गए। कर्नाटक के उत्तरी कनारा जिले के येलापुर और गुडालूर (तमिलनाडु और केरल सीमा क्षेत्र) के सदाहरित वनों की दो आबादियों से आर्टोकार्पस हिर्सूटा, ए. इन्टिग्रिफोलिया और ए. लेकूचा के काष्ठ नमूने एकत्र किए और काष्ठ घनत्व का निर्धारण किया गया। वृक्षों के बीच काष्ठ घनत्व पर विभिन्नता न्यूनतम थी। तीन प्रजातियों यथा – ए. इन्टिग्रिफोलिया, ए. हिर्सूटा और ए. लेकूचा के बीज येलापुर से एकत्र किए गए और एकल वृक्ष संग्रहण में बीज भार, बीज आकार और क्षेत्र जैसे बीज लक्षणों को अभिलिखित किया। इन बीज अभिलक्षणों के लिए वृक्ष से वृक्ष काफी विभिन्नताएं देखी गई। येलापुर (कर्नाटक) से कुछ जंगली पौधों को भी एकत्र करके छाया घर में पोषित किया और वृद्धि प्रदर्शन अभिलिखित किए गए। पनामपल्ली (केरल) में आर्टोकार्पस प्रजातियों के एक तुलनात्मक प्रजाति परीक्षण और ए. इन्टिग्रिफोलिया का कायिक गुणन उद्यान स्थापित किया गया। पलोडी, केरल में स्थित ए. हिर्सूटा के रोपणों का सर्वेक्षण किया और नमूना भूखण्ड तैयार किए गए। बीज उत्पादन क्षेत्र में रूपान्तरण के लिए दो रोपणों को चयनित करके गणना की गई। निकृष्ट वृक्षों की छंटाई करने के बाद कुल बारह हेक्टेयर बीज उत्पादन क्षेत्र स्थापित किए गए।

**परियोजना 3 : वृक्ष सुधार के लिए चयनित वृक्ष प्रजातियों में शारीरिक, जीवमिति और जैव रसायन पर विशेष जोर देने के साथ परिवर्तनशीलता का अध्ययन (आई एफ जी टी बी/पी बी टी/आर पी 7/37/2000 डी बी टी आई एफ जी टी बी/पी बी टी/आर पी 3/7/61/(24)/2000–2005)**। प्रधान अन्वेषक – श्री कानन चन्द्रा शेखर वारियर।

**स्थिति** : वन आनुवंशिकी एवं वृक्ष प्रजनन संस्थान के क्लोनीय बैंक में एक प्रयोग स्थापित किया गया ताकि बीज से उगाए और क्लोनीय रूप से प्रवर्धित पदार्थों के बीच अन्तर का अध्ययन किया जा सके। नौ मादा क्लोनों से बीज और कलमें एकत्र की गई और क्रमशः बालू एवं कम्पोस्ट किए कॉयर पिथ से भरे जड़ ट्रेनरों में रखा गया। बीजों के साथ जड़ ट्रेनरों को छाया घर में रखा गया, जहां मूलोत्पत्ति के लिए पॉलीटेन्ट में कलमों को रखा गया। बाद में संबंधित मादा क्लोनों से पौधों और कलमों को पॉलीबैगों में प्रतिरोपित किया गया। प्रयोग को 10 प्रतिकृतियों के साथ पूर्णतः यादृच्छिकीकृत अभिकल्प में स्थापित किया गया। पौधों की ऊंचाई वृद्धि सभी नौ समूह में क्लोनों की ऊंचाई वृद्धि से उत्कृष्ट पाई गई। कुल ऊंचाई और कॉलर व्यास पर आंकड़े अभिलिखित किए गए। 21 माह बाद परिणामों ने दर्शाया कि जब जैवमात्रा तालिका देखी गई तो कलमों की तुलना में पौधे उत्कृष्ट थे। प्रयोग से शारीरिकीय पैरामीटरों को भी अभिलिखित किया गया।

एनबिल धर्मालिंगम कृषि विद्यालय एवं अनुसंधान संस्थान (तमिलनाडु कृषि विश्वविद्यालय), तिरूचिरापल्ली में एक क्षेत्र प्रयोग स्थापित किया गया ताकि कैज्वारिना इक्विसिटिफोलिया के लवण सहनशील क्लोनों की जांच की जा सके।

जीव सांख्यिकी विशेषकों (जैसे कुल ऊंचाई, कॉलर व्यास ओर वृक्षोंच्चता पर व्यास) और शारीरिक विशेषकों पर नियमित आधार पर आँकड़े अभिलिखित किए जा रहे हैं। आने वाले सालों में विविध जैव-रासायनिक और शारीरिकीय अध्ययन किए जाएंगे।

**परियोजना 4 : लवणता सहनशीलता बढ़ाने के लिए यूकेलिप्टस और कैज्वारिना का आनुवंशिक रूपान्तरण (आई एफ जी टी बी/पी बी टी/आर पी 8/37/2000/आई सी एफ आर ई (आई एफ जी टी बी/पी बी टी/आर पी 2/7/61/ (19) / 2000–2005)**। प्रधान अन्वेषक – मथिस एन.वी.।

**स्थिति** : लवण दबाव के अधीन एक अत्यधिक लवण सहनशील कैज्वारिना कलोन में एक दबाव प्रेरित प्रोटोनी अति स्पष्ट पाया गया। यह निष्कर्ष कैज्वारिना में लवण दबाव प्रक्रियाओं को समझने में एक कदम आगे है। सेन्टर फॉर एप्लिकेशन ऑफ मालीक्यूलर बायोलाजी टू इन्टरनेशनल एग्रीकल्चर, आस्ट्रेलिया से रूपान्तरण रोगवाहकों को प्राप्त किया गया।

**परियोजना 5 : ट्राइकोस्पोरिम वेसिकूलोसम बटलर में जीन्स कोडन प्रोटीन विषाक्त की पहान और क्लोनिंग करना (आई एफ जी टी बी/पी बी टी/आर पी 10/37/2000/आई सी एफ आर ई (आई एफ जी टी बी/पी बी टी/आर पी 7/7–61/(42)/2000–2005) |** प्रधान अन्वेषक – डॉ. मधुमिता घोष।




स्ट्रीप्टोकोकस प्रजाजि के प्रोटीन निःस्रावों द्वारा मैक्रोफोमिया फेजिओलिना का अवरोध

**स्थितिः** स्ट्रीप्टोकोकस प्रजाति के जीवाणु स्रावों से एक 16kDa कवकीरोधी प्रोटीन को पहचान कर पृथक किया गया। प्रोटीन मूल विगलन रोगजनक मैक्रोफोमिना फेजिओलिना के कवक तन्तु दीर्घीकरण को रोकता है। एन्ड्रोग्रैफिस पेनिकूलाटा का कच्चा प्रोटीन सार साल्मोनीला टाइफी, कार्नीबैक्टीरियम डिफ्थीरिया, बेसिलस प्रजाति, एल्केलिजीन्स प्रजाति और स्यूडोमोनास इरूजिनोसा सहित जीवाण्विक रोगजनकों की वृद्धि को रोकता है। एन्ड्रोग्रिफिस पेनिकूलाटा की पत्तियों से लगभग 40kDa कवकरोधी प्रोटीन परिष्कृत किया गया। प्रोटीन ने ट्राइकोस्पोरियम वेसिकूलोसम, मैक्रोफोमिना फेजियोलिना और एस्परजिलस फ्लेवूस के बीजाणु अंकुरण और कवकतन्तु विस्तार को रोका। परिस्कृत प्रोटीन ने उपचारित कवकतन्तु में वर्धित कोष्ठीकरण और छिद्र निर्माण उत्पन्न किया। कवकतन्तु शीर्षों में कोई अपक्षय नहीं देखा गया।

**परियोजना 6 : व्यापारिक रूप से महत्वपूर्ण वन औषधीय पादपों के लिए बीज संचालन प्रक्रियाओं का मानकीकरण (आई एफ जी टी बी/एस टी/आर पी 17/37/आई सी एफ आर ई/1997–2003) |** प्रधान अन्वेषक – श्री वी. सिवाकुमार।



स्ट्रीक्नोज नूक्स–वोमिका बीजों का भण्डारण परीक्षण

**स्थिति** : फिरोनिया इलीफेन्टम के लिए अंकुरण प्रतिशतता के सुधार हेतु बीजों की निष्कर्षण प्रक्रिया को मानकीकृत किया गया। अंकुरण प्रतिशतता बढ़ाने के लिए एगल मार्मीलोस, एम्ब्लिका ऑफिसिनेलिस और स्ट्रीक्नोज न्यूक्सवोमिका हेतु अंकुरण पर विभिन्न पूर्वोपचार के प्रभाव का अध्ययन किया गया। फिरोनिया इलीफेन्टम, एगल मार्मीलोस और सीजीजियम कूमिनि के बीजों के लिए बीज भण्डारण परीक्षण अध्ययन किए गए ताकि संग्रहणीयता को बढ़ाया जा सके। पराम्बिकूलम, केरल राज्य से एकत्रित कुछ महत्वपूर्ण बीजों के लिए अंकुरण परीक्षण किए गए।

**परियोजना 7 : उष्णकटिबंधीय अड़ियल बीजों के लिए बीज संचालन तकनीकों का मानकीकरण (आई एफ जी टी बी/एस टी/आर पी 18/37/आई सी एफ आर ई/1999–2002) |** प्रधान अन्वेषक – श्री वी. सिवाकुमार।

**स्थिति** : विभिन्न तापमान और नमी मात्रा स्तरों पर मधुका लॉगिफोलिया बीजों की संग्रहणीयता का अध्ययन किया गया। विभिन्न नमी मात्राओं पर वेटीरिया इंडिका के बीजों की निर्जलीकरण सहनशीलता और संग्रहणीयता का अध्ययन किया गया।

**परियोजना 8 : तमिलनाडु की समस्या मृदाओं में रोपण के लिए कैज्वारिना इक्विसिटिफोलिया और सी. झूंघूनियाना जीन प्ररूपों की जांच (आई एफ जी टी बी / सिल्वी / आर पी 12 / 37 / आई सी एफ आर ई / 1995–2002)।** प्रधान अन्वेषक – डॉ. ललित नारायण।

**स्थिति** : तमिलनाडु के तिरूवेल्लूर, चेंगलपेट, थंजावुर, नागापट्टिनम, पूड्कोट्टाई, रामानाथपुरम और सलेम जिलों से 51 कैन्डिडेट धन वृक्षों का चयन किया गया।

**परियोजना 9 : सागौन के सन्दर्भ में दक्षिण भारत में बीजोद्यानों / बीज उत्पादन क्षेत्रों के बीज उत्पादन पर गहन वन संवर्धनिक पद्धतियों का प्रभाव मूल्यांकन (आई एफ जी टी बी / सिल्वी / आर पी 11 / 37 / आई सी एफ आर ई) (आई एफ जी टी बी / सिल्वी / आर पी 6 / 8 / 61 (45 / 1999–2003)।** प्रधान अन्वेषक : डॉ. ललित नारायण।

**स्थिति** : पनामपल्ली में यूकेलिप्टस टेरेटिकॉर्निस और यूकेलिप्टस कमल्डूलिनसिस, फारेस्ट कैम्पस, कोयम्बटूर में ऐकेशिया निलोटिका और टेक्टोना ग्रैन्डिस तथा पूडूकोट्टाई में यूकेलिप्टस कमल्डूलिनसिस तथा यूकेलिप्टस टेरेटिकॉर्निस के परीक्षण भूखण्डों, जिन पर गहन वन संवर्धनिक पद्धतियों के उपचार किए गए हैं, का इनके वृद्धि प्रदर्शन पुष्पण एवं बीज उत्पादन पर उपचारों के प्रभाव के लिए मानीटरन किया जा रहा है।

**परियोजना 10 : तमिलनाडु की समस्या मृदाओं में वनीकरण और उत्पादकता अध्ययन (आई एफ जी टी बी / सिल्वी / आर पी 14 / 37 / आई सी एफ आर ई) (आई एफ जी टी बी / सिल्वी / आर पी 4 / 8 / 61(29) / 1999–2003)।** प्रधान अन्वेषक – श्री सिदप्पा।

**स्थिति** : वनीकरण के अन्तर्गत बर्न स्टैण्डर्ड कं0, सलेम की मैग्नीसाइट खान ढेरों और ए सी सी मदुक्कराई की समस्या मृदाओं को उपयुक्त जैव–खाद और जैव–उर्वरक संशोधनों के साथ सक्षम वृक्षों यथा – ऐकेशिया ऑरिकूलिफॉर्मिस, कैज्वारिना इक्विसिटिफोलिया, ऐजेडिरैक्टा इंडिका और मेलाइना आर्बोरिया का रोपण करके सुधारा गया। 100 प्रतिशत उत्तरजीविता दर देखी गयी।



खान ढेरों में ऐकेशिया ऑरिकूलिफॉर्मिस परीक्षण

**परियोजना 11 : चयनित वन वृक्ष प्रजातियोंके लिए पात्रिकृत पौधशाला पद्धतियों का मानकीकरण (आई एफ जी टी बी / सिल्वी / आर पी 5 / 8 / 61 (35) / 1999–2003)।** प्रधान अन्वेषक – डॉ. ललित नारायण।



खान ढेरों में ऐकेशिया ऑरिकूलिफॉर्मिस परीक्षण

**स्थिति** : संशोधनों के साथ महाराष्ट्र वन विकास निगम, आन्ध्र प्रदेश वन विकास निगम और वन आनुवंशिकी एवं वृक्ष प्रजनन संस्थान द्वारा मानकीकृत पात्र मीडिया का वर्तमान पौधशाला परीक्षण में उपयोग किया जा रहा है। परीक्षण प्रगति पर है।

**परियोजना 12 : कृषि वानिकी प्रणाली में उत्पादकता और पोषक गतिकी (आई एफ जी टी बी/एफ पी ए एफ/आर पी 27/47/आई सी एफ आर ई/ 1999–2003)।** प्रधान अन्वेषक – डॉ. एम. जार्ज।

**स्थिति** : दो फार्म परीक्षणों में कृषि वानिकी मॉडलों में सागौन और कैज्वारिना के वृद्धि प्रदर्शन का मानीटरन किया। विभिन्न मार्गों द्वारा पोषक उद्ग्रहण और पोषक वापसी का भी मानीटरन किया जा रहा है।

**परियोजना 13 : स्थल कारकों और वृद्धि पैरामीटरों में विभिन्नता के सन्दर्भ में सागौन के काष्ठ गुणों पर अनुसंधान (आई एफ जी टी बी/एफ पी ए एफ/आर पी 28/47/आई सी एफ आर ई/1998–2001)।** प्रधान अन्वेषक – श्री सी. भुवनेश्वरन।

**स्थिति** : तमिलनाडु के विभिन्न क्षेत्रों में सागौन रोपणों के वृद्धि आंकड़े एकत्र किए गए और इन रोपणों से काष्ठ नमूनों का विश्लेषण भी किया गया। नमूना वृक्षों के लिए अन्तःकाष्ठ/सार काष्ठ अनुपात भी निकाला गया।

**परियोजना 14 : कृषि वानिकी प्रणाली में कैज्वारिना इक्विसिटिफोलिया का प्रबंध (आई एफ जी टी बी/एफ पी ए एफ/आर पी 29/47/आई सी एफ आर ई/1999–2003)।** प्रधान अन्वेषक – डॉ. श्याम विश्वनाथ।

**स्थिति** : विभिन्न जड़ और वितान प्रबंध उपचार लागू किए गए तथा बीच की फसलों के रूप में विभिन्न कृषि फसलों के प्रदर्शन का, दो फार्म परीक्षणों में कैज्वारिना के साथ चौड़ी पंक्ति बीच की फसल प्रणाली में, मानीटरन किया जा रहा है।

**परियोजना 15 : केरल में ऐकेशिया मैन्जियम रोपणों की उत्पादकता (आई एफ जी टी बी/ एफ पी ए एफ/3/3/61(40)/2000–2005)।** प्रधान अन्वेषक – श्री सी. भुवनेश्वरन।

**स्थिति :** केरल के कृषि जलवायवीय क्षेत्रों और भूमि उपयोगों पर ब्योरे एकत्र किए गए तथा रोपणों की तालिका तैयार की जा रही है। फार्म क्षेत्रों / फार्म वानिकी आदि में रोपणों / वास भूमियों / छोटे ब्लाकों की उत्पादकता का अध्ययन करने के लिए रणनीतियां विकसित की जा रही हैं।

**परियोजना 16 : वन्य आबादी, उद्गमस्थलों से नाशीजीव प्रतिरोधी वृक्षों के चयन और विदेशज परीक्षण एवं सन्तति परीक्षण (आई एफ जी टी बी / एफ पी / आर पी / 31 / 47 / आई सी एफ आर ई / 1994–2004)।** प्रधान अन्वेषक – श्री के.आर. शशिधरन।

**स्थिति :** नेवली में कैज्वारिना इक्विसिटिफोलिया के अन्तर्राष्ट्रीय उद्गमस्थल परीक्षणों में छाल इल्ली इन्डरबेला क्वाड्रिनोटाटा के प्रभाव पर क्षेत्र मूल्यांकन जारी थे। परीक्षणों में एकल उद्गमस्थलों पर नाशीजीव के आक्रमण के विस्तार और तीव्रता को मूल्यांकित करके अभिलिखित किया गया। केन्या से किल्फि उद्गमस्थल नाशीजीव के आक्रमण से बचे रहे।

**परियोजना 17 : पौधशाला नाशीजीवों / रोगों के प्रबंध के लिए पद्धतियों के पैकेज का विकास (आई एफ जी टी बी / आर पी 33 / 47 / आई सी एफ आर ई / 2000–2003)।** प्रधान अन्वेषक– डा. ए.बालू।

**स्थितिः नाशी जीवः** राज्य वन विभाग तथा संस्थान द्वारा पोषित आधुनिक पौद्यशालाओं साथ ही कोयम्बटूर में और इसके चारों ओर नाशीजीव एवं रोग समस्या पर अनुसंधान जारी है। कोयम्बटूर सर्किल में पोंगेमिया पिन्नाटा पर एक बिना पहचान वाले स्केल कीट के भारी प्रभाव और वुड ऐपल पर पापिलिओ डेमोलीयस के गौण प्रभाव अभिलिखित किए गए।

**रोगः** फरवरी के दौरान टर्मिनेलिया चीबूला क्लोनों में पर्ण किट्ट का बहुत भारी आक्रमण देखा गया। जनवरी से मार्च में आर्टोकार्पस हिर्सूटम और ए. लकूचा पर पर्ण शीर्णता का भारी प्रभाव और फ्यूजेरियम द्वारा उत्पन्न ऐकशिया मैन्जियम पर पौध म्लानि अभिलिखित की गई। मूल विगलन अन्य रोग समस्या थी, जिसे डैल्बर्जिया लेटिफोलिया पौधों में देखा गया। जैव नियंत्रण एजेन्ट ट्राईकोडर्मा विरिडि के उपयोग, एल्टरनेरिया रोग को नियंत्रित निष्कासन के अलावा पौद्य शीर्णता के नियंत्रण में सप्ताहिक अंतरालों पर 0.01 प्रतिशत की दर से इन्डोफिल एम–45 के साथ नीम पौधों के पर्णीय छिडकाव और मज्जन करना प्रभावी थे।

**परियोजना 18 : सागौन और कैज्वारिना तना छेदकों के प्रबंध के लिए देशज कवक की पहचान, पृथक्करण, मूल्यांकन और बहुमात्र उत्पादन (आई एफ जी टी बी / एफ पी / आर पी 34 / 47 / आई सी एफ आर ई / 2000–2005)।** प्रधान अन्वेषक– डा0 ए. बालू।

**स्थिति :** तमिलनाडु और केरल के विभिन्न स्थानों में सागौन ओर कैज्वारिना रोपण का सर्वेक्षण किया गया।.समय–समय पर इन रोपणों साथ ही साथ अन्य प्राकृतिक वन क्षेत्रों से मृदा नमूने एकत्र किए गये, ताकि कीट रोगजनक कवक के प्राकृतिक रूप से पाए जाने वाले एकलों को पकड़ा जा सके। निलाम्बुर और कोनी से एकत्रित मृदाओं से बीवीरिया बेसियाना की दो नयी नसलों और फ्यूजेरियम की एक प्रजाति को पृथक किया गया और इन्हें लक्ष्य नाशीजीवों पर रोगजनकता के लिए उपसंवर्धित किया गया। कवक बी.बेसियाना की पहले से पहचान की गई नसल के साथ सागौन और कैज्वारिना तनों के बीजाणु भार धारण क्षमता का परीक्षण किया गया और यह देखा गया कि सागौन की धारण क्षमता कैज्वारिना से ज्यादा थी।

छाल संभरक आई. क्वाड्रिनोटाटा के नियंत्रण में एक मिश्रण के रूप में कवक (बी. बेसियाना) और नीम तेल के उपयोग का भी प्रयास किया गया ताकि सहक्रियाशील प्रभाव का परीक्षण किया जा सके। केरल में मुन्डूमूझी सागौन रोपण में सागौन छेदक साहीएड्रेसस मालाबेरिकस के नियंत्रण में बी. बेसियाना के साथ एक क्षेत्र स्तर मूल्यांकन किया गया। कवक के

उपयोग की दो विभिन्न विधियां ; स्पाट उपयोग और इन्जेक्सन अपनाई गई और नाशीजीवन के शतप्रतिशत नियंत्रण के स्तर के लिए दोनों विधियां प्रभावी पाई गई। विभिन्न वन क्षेत्रों से एकत्रित मृदा नमूनों को गेलीरिया मीलोनीला लार्वा का उपयोग करके कीट प्रलोभन देने के प्रयोजन किए गए।

**परियोजना 19 : मुख्य नाशीजीवों के विरूद्ध आशाजनक पादप व्युत्पन्न रसायनों का परीक्षण (घटकः वानिकी वृक्ष प्रजातियों के प्रमुख निष्पत्रकों के विरूद्ध ऐकेशिया निलोटिका (बबूल) से जैव– सक्रिय यौगिक) (आई एफ जी टी बी/एफ पी/आर पी 35/47/ आई सी एफ आई ई/2000–2005)।** प्रधान अन्वेषक– डा0 एस. मुरूगेसन।

**स्थिति** : परीक्षण कीट हीब्लीया प्यूरा के बहुमात्र संवर्धन के लिए कृत्रिम आहार को मानकीकृत किया गया और सफलतापूर्वक कई सन्ततियों के लिए एकलों को पाला गया। सागौन निष्पत्रक एच.प्यूरा और ई. मैकेरेलिस पर विषाक्त प्रभावों के लिए विभिन्न सान्द्रताओं में ऐकेशिया निलोटिका पत्तियों, फूलों, फलियों और टहनियों के कच्चा जलीय और कार्बनिक सारों का परीक्षण किया गया। यहां तक कि निम्न सान्द्रताओं पर भी फूलों, फलियों और टहनियों के कार्बनिक सार 10 से 100 प्रतिशत डिम्भकी मर्त्यता के स्तर तक दोनों नाशीजीवों के विरूद्ध प्रभावी पाए गए। जल सार ने. ई. मैकेरेलिस पर अभिलिखित निम्न प्रभाव की तुलना में हीब्लीया प्यूरा पर कोई विषाक्त प्रभाव नहीं दिखाया। हीब्लीया प्यूरा के विरूद्ध ऐकेशिया निलोटिका की टहनियों और बीज के कच्चे सार के साथ जैव विश्लेषण अध्ययन के फलस्वरूप परीक्षित सभी सान्द्रताओं के साथ 60 प्रतिशत से अधिक डिम्भकी मर्त्यता हुई। गति वैक चक्रीय वाष्पक का उपयोग करके ऐकेशिया निलोटिका के विभिन्न ऊतकों के अन्त्य उत्पाद की प्रतिशत उपज का आकलन किया गया। ऐकेशिया पत्तियों के मीथेनॉल और इथाइल एसीटेट सारों के साथ रोगाणुक जैव विश्लेषण अध्ययनों ने फोमोप्सिस ट्राईकोस्पोरियम और गेनोडर्मा की तुलना में पीस्टेलेटिओप्सिस के प्रति निरोधन के क्षेत्र की रोगाणुकरोधी क्रिया दिखाई।

**परियोजना 20 : फफोला छाल और मूल विगलन रोगों के सन्दर्भ में पौधशाला और क्षेत्र में कैज्वारिना इक्विसिटिफोलिया का एकीकृत रोग प्रबंध (आई एफ जी टी बी/ एफ बी/ आर पी 36/47/आई सी एफ आए ई/2000–2005)।** प्रधान अन्वेषक– डा0 वी. मोहन।

**स्थिति** : कैज्वरिना इक्विसिटिफोलिया के वांछित पौधे लगाए गए और विभिन्न जैव उर्वरकों, जैवनियंत्रण एजेन्ट और कवकनाशी के साथ संरोपित किया गया। संरोपित पौधों को 5–6 महिने की अवधि के लिए पौधशाला में पोषित करके पनामपल्ली में चयनित स्थल में प्रतिरोपित किया गया। प्रस्तावित परीक्षण में नियंत्रण सहित 9 उपचार शामिल हैं, जिसे यादृच्छिकीकृत ब्लॉक अभिकल्प में चार बार प्रतिकृत किया गया।

**परियोजना 21 : माइकोराइजल कवक (जैव उर्वरकों) पर अध्ययन और पौधशाला एवं क्षेत्र में इनका उपयोग (आई एफ जी बी/एफ पी/आर पी 37/47/आई सी एफ आर ई/2000–2005)।** प्रधान अन्वेषक– डा0 वी. मोहन।

**स्थिति** : कैज्वारिना इक्विसिटिफोलिया में वी ए एम बीजाणु आबादी और प्रतिशत उपनिवेशन का आकलन जारी है। इसी प्रकार ग्रन्थिविन्यास आबादी के स्तर का भी प्रेक्षण लिया गया। ग्लोमस जीओस्पोरम, जी. क्लेरिओडीयम, जी.फेसिकूलेटम, जी. मॉसीयाई और एक्यूलोस्पोरा प्रजातियों के वी ए एम एकलों को गुणित करके पोषित किया गया। मृदा नमूनों के पोषक स्तर का भी विश्लेषण किया गया। पनामपल्ली से एकत्रित मूल परिवेषी मृदा नमूनों से फॉस्फोबैक्टीरियम की एक नसल पृथक की गई । मदूक्कराई, कोयम्बटूर में क्वार्टज खान ढेरों पर यूकेलिप्टस कमल्डूलिनसिस के जैवउर्वरक परीक्षण में संरोपित पौधों के वृद्धि पैरामीटरों पर ऑकड़ा संग्रहण ने लगातार बेहतर वृद्धि दिखाई। ग्लास हाउस में कैज्वारिना इक्विसिटिफोलिया की वृद्धि पर विभिन्न माइकोराइजल फंगी और फॉस्फोबैक्टीरियम के प्रभाव पर अध्ययन शुरू किए गए।

**परियोजना 22 : तमिलनाडु, केरल और अण्डमान के कुछ संकटापन्न और स्थानिक पादपों का संरक्षण (हिम परिरक्षण सहित औषधीय पादपों सहित) (आई एफ जी टी बी/बायो/आर पी 38/47/आई सी एफ आर ई/1999–2004)।** प्रधान अन्वेषक– डा0 सी. कुनहीकन्नन।

**स्थिति** : लाल आँकड़ा पुस्तकों, प्रकाशित साहित्य और संग्रहालय संग्रहों जैसे विभिन्न स्रोतों से तमिलनाडु और केरल के 25 दुर्लभ, संकटापन्न स्थानिक पादपों की एक सूचनात्मक सूची तैयार की गई। तमिलनाडु और केरल की 2 संकटापन्न तथा स्थानिक वृक्ष प्रजातियों वेटीरिया, मैक्रोकार्पा एवं डिप्टेरोकार्पस बॉर्डिलोनी पर, क्षेत्र अध्ययन शुरू किए गए। वेरीरिया मैक्रोकार्पा और डिप्टेरोकार्पस बॉर्डिलोनी प्रत्येक की एक–एक आबादी मुथिकुलम और एनामुली वन क्षेत्रों में देखी गई। इनकी पारिस्थितिकी एवं ऋतुजैविकी पर अध्ययन शुरू किए गए और संग्रहालय के लिए इनके नमूने एकत्र किए गए । संस्थान के वानस्पतिक उद्यान में जननदृव्य स्थापना के लिए कोली हिल्स, वाल्पराई, एनाकट्टी, एनामलाई, मत्तुपलायम आदि से औषधीय पादपों की करीब 150 प्रजातियां एकत्र की गई।

**परियोजना 23 : जैवविविधता पर एक उपयुक्त आँकड़ा आधार का विकास करना (आई एफ जी टी बी/बायो/आर पी 39/47/आई सी एफ आर ई/1999–2004)।** प्रधान अन्वेषक7 डा0 सी. कुनहीकन्नन।

**स्थिति** : आँकड़ा आधार के लिए एक विस्तृत फार्मेट तैयार किया गया और तमिलनाडु और केरल के 20 संकटापन्न पादप टेक्सा के लिए सूचनाएं तैयार फार्मेट में विभिन्न किताबों, जॅरनलों, संग्रहालयों आदि से एकत्र की गई। यह कार्य संस्थान के कम्प्यूटर प्रभाग के सहयोग से किया जाएगा।

**परियोजना 24 : तमिलनाडु के जनजातीय इलाके में कुछ महत्वपूर्ण वानिकी औषधीय पादपों के सामाजिक–आर्थिक अध्ययन (आई एफ जी टी बी/ई एण्ड एस/आर पी 42/47/आई सी एफ आर ई/1997–2000)।** प्रधान अन्वेषक– श्री डी. राजाशुगुनशेखर।

**स्थिति** : तमिलनाडु में व्यापारिक और सामान्य औषधीय पादपो के लिए 20 शीर्षों के अन्तर्गत 355 प्रजातियों के लिए व्यापारिक दोहन पर विशेष जोर के साथ ऑकड़ा आधार पूरे किए गए। जी. सुपर्बा, कोलीयस फॉर्स्कोहली और मापिया फॉइटिडा से संबंधित सलेम और धर्मपुरी जिलों में निजी भूमियों में सामाजिक–आर्थिक सर्वेक्षण किए गए।

**परियोजना 25 : तमिलनाडु में संयुक्त वन प्रबंध के पादप–सामाजिकीय और सामाजिक–आर्थिक प्रभाव (आई एफ जी टी बी/ई एण्ड एस/आर पी 45/47/आई सी एफ आर ई/2000–2003)।** प्रधान अन्वेषक – श्री डी. राजाशुगुनशेखर।

**स्थिति** : परिवार के सामाजिक–आर्थिक स्तर, ग्राम वन समिति की भूमिका, विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों और विस्तार गतिविधियों पर आंकड़े एकत्र किए गए।

**परियोजना 26: वृक्ष सुधार पर आंकड़ा आधार का विकास (आई एफ जी टी बी/सी ओ एम पी/आर पी 1/4/61(5)/2001–2004)।** प्रधान अन्वेषक – आर. विवेकानन्दन।

**स्थिति** : धन वृक्षों, बीज उत्पादन क्षेत्रों, क्लोनीय बीज उद्यानों, पौध बीज उद्यानों उद्गमस्थल परीक्षणों, सन्तति परीक्षणों के संबंध में आंकड़ा प्रपत्र अभिकल्पित करके विभिन्न वन विभागों को भेजे गये। विभिन्न स्रोतों से सूचनाएं एकत्र की गई। दृश्य आधार का उपयोग करके आंकड़ा आधार अभिकल्पित और तैयार किया गया।

**परियोजना 27 : तमिलनाडु में यूकेलिप्टस की वृद्धि की माडलिंग (आई एफ जी टी बी / सी ओ एम पी / आर पी 4 / 6 / 61 (28) / 2001–2004)** । प्रधान अन्वेषक – श्री रमन नौटियाल ।

**स्थिति** : किए गए कार्य विभिन्न स्रोतों, अधिकांशतः नियंत्रित प्रयोगों से प्राप्त द्वितीयक आंकड़ों तक सीमित हैं, जो किए जाने के लिए वांछित कार्यों का एक अनुमान देंगे लेकिन इनका माडलिंग उद्देश्य के लिए उपयोग नहीं किया जा सकता है ।

## वर्ष 2001–2002 के दौरान शुरू की गई नई परियोजनाएं

**परियोजना 1 : तमिलनाडु में महत्वपूर्ण अकाष्ठ वन उपज के संबंध में बाजार गतिकी का अध्ययन (आई एफ जी टी बी / ई एण्ड एस / आर पी 43 / 47 / आई सी एफ आर ई / 2001–2004)** । प्रधान अन्वेषक – श्री एस. सरवनन ।

**स्थिति** : सत्यमंगलम लैम्प सोसाइटी के प्रारम्भिक ब्यौरे एकत्र किए गए । प्रारम्भिक प्रश्नावली तैयार की गई ।

**परियोजना 2 : तमिलनाडु और केरल में विभिन्न व्यापारिक रूप से महत्वपूर्ण प्रकाष्ठ प्रजाति बांस और रबड़ काष्ठ के बाजार रूझान का अध्ययन (आई एफ जी टीबी / ई एण्ड एस / आर पी 46 / 47 / आई सी एफ आर ई / 2001–2005)** । प्रधान अन्वेषक – श्री एस सरवनन ।

**स्थिति** : प्रारम्भिक ब्यौरे तथा कुछ द्वितीयक आंकड़े एकत्र किए । प्रारम्भिक प्रश्नावली तैयार की गई ।

**परियोजना 3 : कोयम्बटूर में शहरी वानिकी का अध्ययन और एक मॉडल विकसित करना (आई एफ जी टी बी / ई एण्ड एस / आर पी 44 / 47 / आई सी एफ आर ई / 2001–2002)** । प्रधान अन्वेषक – श्री एस सरवनन ।

**स्थिति** : साहित्य संग्रह पूरा किया । प्रायोगिक स्थल चयन के लिए कोयम्बटूर में विभिन्न स्थानो में प्रारम्भिक सर्वेक्षण किया । मॉडल प्रश्नावली तैयार की गई ।

## विदेशों से सहायता प्राप्त परियोजनाएं

## वर्ष 2001–2002 के दौरान पूरी की गई परियोजनाएं

**परियोजना 1 : वन वृक्षों का आनुवंशिक सुधार (फ्रीप / 1995–2002)** । तकनीकी रिपोर्ट के लिए सम्पर्क करें, प्रधान अन्वेषक – डॉ. मोहन वर्गिस ।

**उपलब्धियां** : उत्कृष्ट उद्गमस्थलों एवं वंशों की पहचान करने के लिए सत्यवेडू, पनामपल्ली और सादिवयाल में यूकेलिप्टस कमल्डूलिनसिस तथा कैज्वारिना इक्विसिटिफोलिया की प्रजनन आबादियों का मूल्यांकन किया गया । सन्तति परीक्षणों को पौध बीजोद्यानों में परिवर्तित करने तथा निकृष्ट वृक्षों को हटाने के लिए परीक्षणों को विरलित किया गया । सभी तीन स्थानों में इमू क्रीक, एम टी कार्बाइन, लौरा नदी तथा कैनेडी नदी के यूकेलिप्टस उद्गमस्थल उत्कृष्ट पाए गए । अधिकांश क्वीन्सलैण्ड मूल के सीडलॉट उत्कृष्ट पाए गए ।

कैज्वारिना इक्विसिटिफोलिया थाईलैण्ड, पापुआ न्यू गुयाना और सोलोमन आइसलैण्ड बीज लॉट तेज वृद्धि करने वाले पाए गए । केन्या के बीज लॉट ने उत्कृष्ट तना प्ररूप दर्शाया, नार्थन टेरेटरी (आस्ट्रेलिया), सोलोमन आइसलैण्ड और केन्या से उद्गमस्थल में थाईलैण्ड, थल

मलेशियाई तथा भारतीय बीज ढेरों की तुलना में उच्च घनत्व काष्ठ पाया गया। अतः विभिन्न अन्तिम उपयोगों यथा – जैवमात्रा, लट्ठों और लुग्दी काष्ठ उत्पादन के लिए उपयुक्त उद्गमस्थलों का चयन करना संभव है। ईस्ट तिमोर (इण्डोनेशिया) से सी. झूंघूहनियाना के उद्गमस्थल दक्षिण भारत में कैज्वारिना इक्विसिटिफोलिया के समान अनुकूलनीय और तेज वृद्धि करने वाले पाए गए। ये अच्छी कापिसिंग क्षमता भी दर्शाते हैं और इनमें कॉपिस फसल उत्पादन करने की क्षमता है। विभिन्न परीक्षणों में यूकेलिप्टस और कैज्वारिना के ज्ञात मूल के श्रेष्ठ वृक्षों को क्लोनीय रूप से गुणित किया गया ओर प्रत्येक स्थल के लिए सर्वोत्तम क्लोनों की पहचान करने हेतु सथ्यावेडू (आन्ध्र प्रदेश), कुलाथूपूझा (केरल) और सादिवयाल (तमिलनाडु) में यूकेलिप्टस के बहु–स्थानिक क्लोनीय परीक्षण स्थापित किए गए।

**परियोजना 2 : उष्णकटिबंधीय वृक्षों की पुनरूत्पादक जैविकी (फ्रीप / 1995–2001)।** तकनीकी रिपोर्ट के लिए सम्पर्क करें, प्रधान अन्वेषक –श्री बी. नागाराजन।

**उपलब्धियां** : उन कारकों पर अध्ययन किया गया जो सागौन में फल और बीज स्थापन को प्रभावित करते हैं। सागौन में बीज स्थापन भ्रूणपोष संरचना से संबंधित असामान्यताओं द्वारा प्रभावित पाए गए। सागौन में नियंत्रित स्व–परागण ने 0.0004 का एक बहुत निम्न पूर्व निर्गत पुनरूत्पादक सफलता मान दर्शाया,जो स्व–पराग अस्वीकृति के उच्च स्तरों को दर्शाता है। सागौन, इमली और कैज्वारिना इक्विसिटिफोलिया की प्रजनन आबादियों में बहु–स्थानों में सफल नियंत्रित परागण प्रयोग किए गए। अधिकांश क्लोनों ने पुनरूत्पादक सफलता की अलग–अलग दरों को दर्शाया। कैज्वारिना इक्विसिटिफोलिया में नियंत्रित स्व–परागण में करीब 60 प्रतिशत फल स्थापन अभिलिखित किया गया। कैज्वारिना इक्विसिटिफोलिया और सी. झूंघूहनियाना के बीच सफल नियंत्रित परागण किया गया। पनामपल्ली और करून्या नगर में यूकेलिप्टस कमल्डूलिनसिस तथा यूकेलिप्टस टेरेटिकॉर्निस के चयनित परिवारों में संकरण अध्ययन किए गए। अन्तःकुल नियंत्रित परागण में 70 प्रतिशत तक उच्च फल स्थापन अभिलिखित किया गया। यूकेलिप्टस टेरेटिकॉर्निस X यूकेलिप्टस ग्रैन्डिस, यूकेलिप्टस टेरेटिकॉनिर्स X यूकेलिप्टस टॉरीलियाना तथा यूकेलिप्टस कमल्डूलिनसिस X यूकेलिप्टस ग्रैन्डिस के संकरों को मिलाकर एक पूर्ण–सहोदर परीक्षण स्थापित किया गया। कैज्वारिना इक्विसिटिफोलिया में बीज उत्पादन तथा पुनरूत्पादक सफलता पर खुले परागण अध्ययन किए गए। दक्षिण अरकोट और उड़ीसा की स्थानीय भूमि जातियों ने पुनरूत्पादक सफलता की उच्च दरें दर्शाई। ढाल में सूत्रपात किए गए स्रोतों में बीजाई भूमि जाति ने पुनरुत्पादन की उच्चतम दर दर्शाई। इजीप्ट और केन्या भूमि जातियों ने पुनरुत्पादन के निम्न स्तरों को दर्ज किया।

**परियोजना 3 : प्रायद्वीपीय भारत में सागौन की आनुवंशिक परिवर्तनशीलता का मूल्यांकन (फ्रीप / 1997–2001)।** तकनीकी रिपोर्ट के लिए सम्पर्क करें, प्रधान अन्वेषक – श्री ए. निकोडीमस।

**उपलब्धियां** : प्रायद्वीपीय भारत (गुजरात, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, उड़ीसा, आन्ध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरल और तमिलनाडु के राज्य) के विभिन्न क्षेत्रों से सागौन आबादियों का सर्वेक्षण किया गया ताकि वृद्धि, आकारिकीय, ऋतुजैविकीय और आनुवंशिक परिवर्तनशीलता का मूल्यांकन किया जा सके। क्षेत्र सर्वेक्षण द्वारा बीस आबादियों का अध्ययन किया गया जिसमें से 10 की डी एन ए (बेतरतीब परिवर्धित बहुरूपी डी एन ए) अंककों के साथ जांच की गई। अध्ययन की गई विभिन्न आबादियों में काष्ठ घनत्व स्थिर पाया गया। तथापि, काष्ठ घनत्व और आबादी के फैलाव के बीच साधारण नकारात्मक संबंध पाया गया। उच्च अंक्षासों वाली आबादी की तुलना में निम्न अक्षासों की आबादियों की सधन काष्ठ की प्रवृत्ति थी। आर्द्र आबादियों (केरल) वाले बीजों ने बीज भराव, अंकुरण और ओज के उच्च स्तरों को दर्शाया। इन्होंने क्षेत्र परीक्षणों में शुष्क आबादियों की तुलना में बेहतर प्रारंभिक वृद्धि भी दिखाई।

आर ए पी डी अंककों ने प्रायद्वीपीय भारत में सागौन की विभिन्न आबादियों में आनुवंशिक

परिवर्तनशीलता के उच्च स्तरों को दर्शाया। लगभग 70 प्रतिशत विविधता आबादियों के बीच विद्यमान विभिन्नता के कारण है। इसलिए, प्रजनन एवं संरक्षण रणीनीतियां आबादी विभिन्नता के बीच और आर पार दोनों को अभिग्रहण करने पर केन्द्रित होनी चाहिए, ताकि अधिकतम लाभ प्राप्त किया जा सके।

**परियोजना 4 : वृक्षों की जैव प्रौद्योगिकी (आई एफ जी टी बी/पी बी टी/आर पी 6/37/फ्रीप/1994–2001)।** तकनीकी रिपोर्ट के लिए सम्पर्क करें, प्रधान अन्वेषक – श्री आर. यशोदा।

**उपलब्धियां** : अभ्यन्तर जैव प्रौद्योगिकी क्षेत्रों के लिए प्रयोगशाला सुविधाएं उदाहरण – ऊतक संवर्धन प्रयोगशाला और आण्विक जैविकी प्रयोगशाला जैसी अवसंरचना, विकसित की गई। सागौन के आनुवंशिक रूप से वर्धित रोपण स्टॉक के बड़े पैमाने पर उत्पादन के लिए पूर्ण सूक्ष्म प्रवर्धन पैकेज विकसित किया गया। रूपान्तरण अध्ययनों के लिए यूकेलिप्टस टेरेटिकॉर्निस हेतु कायिक भ्रूणोद्भव प्रणाली विकसित की गई। यूकेलिप्टस और कैज्वारिना के लिए डी एन ए पृथक्करण प्रोटोकॉलों को अनुकूलतम बनाया गया। कैज्वारिना इक्विसिटिफोलिया के क्लोनों के आनुवंशिक अपसरण का मूल्यांकन करने और फिंगरप्रिन्ट के लिए आर ए पी डी अंककों का उपयोग किया गया। आई एस एस आर, एफ आई एस एस आर, ए एफ एल पी अंककों के लिए भी विधियों को अनुकूलतम बनाया गया। कैज्वारिना के फफोला छाल रोगजनक, ट्राइकोस्पोरियम वेसिकूलोसम के विरूद्ध प्लम्बेगों केपेन्सिस से आण्विक भार 20 किलो डाल्टन (KD) के एक कवकीरोधी प्रोटीन की पहचान की गई।



ओ पी बी 04 के साथ यूकेलिप्टस के बाईस आई टी सी क्लोनों का आर ए पी आई डी विश्लेषण

**परियोजना 5 : तमिलनाडु के सागौन रोपणों में पोषक चक्रण (आई एफ जी टी बी/एफ पी ए एफ/आर पी 26/47/फ्रीप/1995–2001)।** तकनीकी रिपोर्ट के लिए सम्पर्क करें, प्रधान अन्वेषक – डॉ. एम. जार्ज।

**उपलब्धियां** : तमिलनाडु में सागौन रोपणों में जैवमात्रा उत्पादकता और पोषक चक्रण की जांच की गई। विभिन्न कृषि जलवायवीय क्षेत्रों के लिए उत्पादकता मॉडलों का विकास किया और भविष्यवाणी समीकरण स्थापित किए गएं। विभिन्न आयुओं पर पोषण चक्रण आकलित किए और उत्पादकता एवं मृदा पोषकों के बीच सहसंबंध स्थापित किए गए।

**परियोजना 6 : सागौन, यूकेलिप्टस और कैज्वारिना के नाशीजीव एवं रोग प्रतिरोधी समरूपों का चयन (फ्रीप/1997–2001)।** तकनीकी रिपोर्ट के लिए सम्पर्क करें, प्रधान अन्वेषक – डॉ. ए. बालू।

**उपलब्धियां : नाशीजीव प्रतिरोधी–सागौन:** सबसे अधिक संवेदी और साधारण रूप से संवेदी में से चयनित प्रतिनिधि क्लोनों पर हीब्लीया प्यूरा के साथ नियंत्रित अवस्था के तहत भरण प्रयोगों और प्रतिरोधी अथवा आक्रमणरहित श्रेणियों के अन्तर्गत सभी क्लोनों के भरण परीक्षण ने हीब्लीया प्यूरा द्वारा खाद्य ग्रहण की मात्रा में विभिन्नताएं दिखाई।

तीन श्रेणियों (सबसे अधिक संवेदी, साधारण संवेदी और आक्रमण रहित/प्रतिरोधी) के प्रतिनिधि क्लोनों के जैव रासायनिक पैरामीटरों यथा – प्राथमिक (प्रोटीन, काबोहाइड्रेट और लिपिड्स) तथा द्वितीयक (फीनॉल्स, फ्लेवेनॉयड्स और एन्थोसीएनिडिन्स) उपापचयजों का विश्लेषण किया गया। परीक्षण किए गए क्लोनों के साथ करीब 9 फीनॅालिक और 10 फ्लेवेनॉयड प्रभाजों का पता लगाकर पहचान की गई। चयनित सागौन क्लोन पत्तियों पर शारीरिक अध्ययनों ने संवेदी और प्रतिरोधी क्लोनों के बीच पत्ती सतह झील्लीवाली संरचना में महत्वपूर्ण विभिन्नताएं दिखाई।

**यूकेलिप्टस** : वर्ष के दौरान माइलोसीरस प्रजाति द्वारा पुडुकोट्टाई परीक्षण में कुछ वंशों का निष्पत्रण देखा गया।

पांडिचेरी में परीक्षण में उपलब्ध दो वंशों पर दीमक के गौण छाल भरण का प्रभाव पड़ा, यद्यपि आक्रमण गंभीर नही था।

**कैज्वारिना** : इसी प्रकार कैज्वारिना के मामले में, पनामपल्ली में स्थापित कैज्वारिना इक्विसिटिफोलिया के सन्तति परीक्षण और पौध बीज उद्यान में उपलब्ध 50 वंशों में से चार वंशों संख्या 18, 20, 24 और 55 पर छाल इल्ली, इन्डरबेला क्वाड्रिनोटाटा का आक्रमण था। पांडिचेरी में स्थापित 35 बीज स्रोतों वाले अन्तर्राष्ट्रीय उद्गमस्थल परीक्षण में छाल इल्ली, इन्डरबेला क्वाड्रिनोटाटा के आक्रमण की तीव्रता सामान्यतः निम्न थी। क्यू एल, आस्ट्रेलिया और केन्या से बीज स्रोत आक्रमण रहित बने रहे जबकि एन.टी. आस्ट्रेलिया से बीज स्रोत ने उत्पीड़न के निम्न स्तर को बनाए रखा। चीन और तमिलनाडु के खास उद्गमस्थलों ने इल्ली के आक्रमण के प्रति संवेदनशीलता के उच्चतम स्तर का प्रदर्शन किया।

**रोग प्रतिरोध–कैज्वारिना** : फफोला छाल और मूल–विगलन रोगों के प्रभाव के लिए जांच किए गए पनामपल्ली में सन्तति परीक्षण एवं पौध बीज उद्यान में 50 वंशों के एकलों ने दर्शाया कि 35 वंश फफोला छाल से तथा 15 वंश मूल विगलन रोगों से प्रभावित थे। यद्यपि सभी वंश इन रोगों में से किसी न किसी रोग से प्रभावित थे, वंशों के बीच आक्रमण की तीव्रता अलग–अलग थी। मूल विगलन रोग के मामले में, वंश सं. 18 सबसे अधिक प्रभावित थी।

पांडिचेरी में अन्तर्राष्ट्रीय उद्गमस्थल परीक्षण में उद्गमस्थलों के एकलों की जांच ने प्रदर्शित किया कि 35 उद्गमस्थलों में से 17 उद्गमस्थल फफोला छाल रोग से प्रभावित थे।

फफोला छाल रोग से आक्रमण रहित तथा संवेदनशीलता के विभिन्न स्तरों का प्रतिनिधित्व करने वाली छः सन्ततियों (सन्तति एवं पौध बीज उद्यान, पनामपल्ली से) और 10 उद्गमस्थलों (अन्तर्राष्ट्रीय उद्गमस्थल परीक्षण, पांडिचेरी से) तथा नियंत्रित अवस्था के तहत जैव विश्लेषण अध्ययन ने दर्शाया कि परीक्षित सभी सन्ततियां एवं उद्गमस्थल रोगजनक के कल्चर फिल्टरेट (100 प्रतिशत) के प्रति संवेदनशील थे। तथापि, रोग लक्षणों को व्यक्त करने में लिया गया समय सन्ततियों और उद्गमस्थलों में अलग–अलग था। अत्यधिक प्रभावित श्रेणी के तहत समूहित सन्ततियों ने 20 घण्टों में म्लानि रोग लक्षण व्यक्त किए जबकि साधारण श्रेणी की सन्ततियों ने 36–72 घण्टों में रोग लक्षण दिखाए।

अत्यधिक प्रभावित श्रेणी के तहत समूहित उद्गमस्थलों ने 20 घण्टें से कम में पर्णसमूह, शाखाओं और जड़ों के म्लानि रोग लक्षण दिखाए जबकि साधारण और कम प्रभावित श्रेणियों के अन्तर्गत समूहित उद्गमस्थलों के साथ क्रमशः 20–36 घण्टे और 36–72 घण्टें में देखा गया। जबकि आक्रमण रहित श्रेणी से संबंधित उद्गमस्थलों ने चौथे दिन तक कोई भी प्रमुख रोग लक्षण नहीं दिखाया। चौथे दिन बाद रोगजनक के कल्चर फिल्टरेट की अधिकतम सान्द्रता (100 प्रतिशत) के साथ आक्रमणरहित उद्गमस्थलों से म्लानि के केवल हल्के रोग लक्षण देखे गये। तथापि, कल्चर फिल्टरेट की निम्न सान्द्रता (25 प्रतिशत) के साथ इसी प्रयोग में आक्रमण रहित उद्गमस्थलों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा। जबकि संवेदनशील उद्गमस्थलों ने निम्न सान्द्रता के

साथ भी म्लानि रोग लक्षण दिखाए। नियंत्रण की जड़ काटों और उपचारित पादपों के परीक्षणों ने दर्शाया कि जड़ ऊतक नियंत्रण में अखंड रहे जबकि उपचारित जड़ों में बाह्यक कोशिकाएं तथा अन्य संरचनाएं बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गयीं।

**परियोजना 7 : तमिलनाडु के विभिन्न कृषि जलवायवीय क्षेत्रों की फार्म भूमियों एवं बंजर भूमियों में सागौन का तुलनात्मक वृद्धि अध्ययन (मुख्य परियोजना III, उप–परियोजना II / 1997–2001)।** तकनीकी रिपोर्ट के लिए सम्पर्क करें, प्रधान अन्वेषक – श्री सरवनन (फ्रीप उप–परियोजना)

**उपलब्धियां : आर्थिक पहलू:** ज्यादा किसान कृषि वानिकी वृक्ष के रूप में मुख्यतः सागौन को अपनाते हैं। अधिकतर किसानों ने केन्द्रीय क्षेत्र में सिंचित अवस्था के तहत सागौन का रोपण किया। पश्चिमी और दक्षिणी क्षेत्र में सिंचित एवं वर्षा पर आधारित सागौन प्रतिदर्श किसानों में समान रूप से पाए गए। सागौन कृषकों को प्रति वर्ष उनकी सालाना आय में गैर–फार्म आय का बड़ा अंश प्राप्त हुआ। 80 प्रतिशत से अधिक सागौन कृषकों ने सागौन में बीच की फसल की खेती नहीं की। नारियल प्रमुख बीच की फसल है। अधिकांश कृषकों ने अपने पौधे निजी स्रोत से प्राप्त किए। कृषकविरलन विशेषकर यांत्रिक विरलन के विचार को स्वीकार करने के प्रति अनिछुक थे। मध्य क्षेत्र में अधिकतर कृषकों ने स्पष्ट किया कि वे लाभ प्राप्त करने के लिए केवल 20 साल तक इन्तजार करना वहन कर सकते हैं। पश्चिमी और दक्षिणी क्षेत्र में कृषक 40 साल तक इन्तजार करने के लिए तैयार थे। दीर्घकाल में उच्च आय की प्राप्ति सागौन की ओर मुड़ने का प्रमुख कारण था। स्थानीय दैनिक और पुनरीक्षण समूह सागौन खेती के संबंध में सागौन किसानों के लिए जानकारी के प्रमुख स्रोत थे।

**सामाजिक पहलू :** सागौन दीर्घकालीन फसल होने के नाते सागौन कृषि को अपनाने में जोखिम उठाना शामिल है, विशेषकर उन लोगों के लिए जिन्होंने बड़े क्षेत्र में रोपण किया है। यद्यपि जन संचार माध्यम से जानकारी का प्रचार होता है, लेकिन यह व्यक्तिगत सम्पर्क है जो परिवारों को अन्तिम तोर पर निर्णय लेने और कार्य करने के लिए तैयार करते हैं। लिंग भूमिका–संरचना पर प्रभाव केवल न्यूनतम है। महिलाएं कुछ स्वतंत्र आय और वित्तीय प्रबन्धन में अपनी भूमिका को खो सकती हैं। शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए बच्चों को हटाने जैसे अन्य विस्तृत सामाजिक परिवर्तन आगे बढ़े हैं और इसने सागौन कृषि की और रूझान मोड़ा है। अनतः व्यक्तिगत संबंधों पर सागौन कृषि की दीर्घकालीन प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष प्रभाव अभी स्पष्ट होने हैं।

**परियोजना 8 : रोपण स्टॉक सुधार कार्यक्रम (1996–2001)।** तकनीकी रिपोर्ट के लिए सम्पर्क करें ग्रुप समन्वयक / समन्वयक –श्री सिदप्पा।

**स्थिति : बीज उत्पादन क्षेत्र :** संस्थान ने केरल, तमिलनाडु राज्यों और अण्डमान निकोबार द्वीपसमूह में सागौन, ऐकेशिया, यूकेलिप्टस, पडौक, एल्बिजिया और कैज्वारिना के करीब 130 हैक्टेयर बीज उत्पादन क्षेत्र स्थापित किए हैं। वर्ष के दौरान इन बीज उत्पादन क्षेत्रों को पोषित किया गया तथा बीज एकत्र किए गए।

**पौध बीज उद्यान :** यूकेलिप्टस, कैज्वारिना, ऐकेशिया, सागौन और मेलाइना के 45.75 हैक्टेयर पौध बीज उद्यान पोषित किए और पुष्पण आवास के लिए प्रेक्षण लिया गया।

**क्लोनीय बीज उद्यान :** तमिलनाडु और केरल राज्यों में 20.07 हैक्टेयर क्षेत्र में फैले कैज्वारिना, यूकेलिप्टस और सागौन के क्लोनीय बीज उद्यानों को पोषित तथा वृद्धि अभिलक्षणों के लिए मानीटरन किया गया।

**कायिक गुणन उद्यान :** तमिलनाडु और केरल के विभिन्न स्थानों में नीम के क्लोन बैंकों में स्थापित कैज़्वारिना, यूकेलिप्टस और सागौन के 13 हैक्टेयर कायिक गुणन उद्यान के अलावा,

मॉडल नर्सरी सुविधा के समीप वन परिसर, कोयम्बटूर में इमली और आंवला स्थापित किए गए। होस्कोट में परीक्षण तैयार करने के लिए कर्नाटक वन विभाग को कैज्वारिना के लगभग 170 पहचान किए गए कैन्डिडेट धन वृक्षों में प्रत्येक की बीस–बीस शाखाओं की आपूर्ति की गई।

**आदर्श पौधशाला** : आदर्श पौधशाला, कोयम्बटूर और वन आनुवंशिकी एवं वृक्ष प्रवर्धन संस्थान क्षेत्र स्टेशन, पनामपल्ली में कैज्वारिना और यूकेलिप्टस की 19,381 शाखाएं लगाकर पोषित की गई। विभिन्न उपभोक्ता समूहों को आधुनिक पौधशाला तकनीकों पर प्रशिक्षण भी दिया गया।

